**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अर्न्तगत जनपद बस्ती मे जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति (DWSM) के सदस्यों व समस्त कार्यदायी संस्थाओ के साथ अधोहस्तक्षरी की अध्यक्षता मे दिनांक 30.05.2026 को आहूत बैठक की कार्यवृत्त :-**

# कार्यवृत्त

अधोहस्तक्षरी की अध्यक्षता मे जल जीवन मिशन के अर्न्तगत जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति (DWSM) के सगंठनात्मक स्वरूप को सुदृढ़ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी कियान्वयन, मुल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति (DWSM) समिति के सदस्यों तथा उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) बस्ती के अधिकारियो एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक दिनांक 30.05.2026 को शायं 5:00 बजें विकास भवन सभागार में आयोजित की गयी । आयोजित बैठक मे निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया ।

1. जिलाधिकारी बस्ती। (अध्यक्ष)
2. मुख्य विकास अधिकारी। (सदस्य)
3. श्री योगेन्द्र प्रसाद, अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), बस्ती। (सचिव)
4. जिला विकास अधिकारी। (सदस्य)
5. प्रभागीय वनाधिकारी। (सदस्य)
6. जिला मुख्य चिकित्साधिकारी बस्ती। (सदस्य)
7. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बस्ती। (सदस्य)
8. जिला कृषि अधिकारी बस्ती। (सदस्य)
9. जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बस्ती। (सदस्य)
10. अधिशासी अभियंता भू-गर्भ जल विभाग बस्ती। (सदस्य)
11. अधिशासी अभियंता, वाटर रिसोर्सेज/सिचाई खण्ड-04 बस्ती। (सदस्य)
12. समस्त सहायक अभियंता जल निगम (ग्रामीण), बस्ती।
13. प्रोजेक्ट मैनेजर मेंर्सस मेघा इंजीनियरिंग बस्ती।
14. प्रोजेक्ट मैनेजर मेंर्सस वी0एस0ए0 बस्ती।
15. प्रोजेक्ट मैनेजर मेंर्सस जैक्शन बस्ती।
16. समस्त स्टाफ डी0पी0एम0यु0, जिला प्रयोगशाला टीम एवमं टी0पी0आई0ए0,बस्ती।

बैठक मे सर्वप्रथम अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अर्न्तगत पाइप पेयजल योजना के निर्माण हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा चयनित कार्यदायी संस्थाओं के कार्यो की प्रगति के सम्बन्ध मे अवगत कराया गया। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में कार्यदायी संस्थाओं के कार्यो की प्रगति अपेक्षाकृत सन्तोषजनक नही है तथा ग्रामीण क्षेत्रों से इनके विरूद्ध रोड पुर्नस्थापन एवं नियमित जलापूर्ति को लेकर प्रतिदिन शिकायतें प्राप्त हो रही है जिसमें सुधार करने की आवश्यकता है।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि समस्त कार्यदायी संस्थाओं के प्रत्येक परियोंजनाओं की प्रगति रिपोर्ट तथा रोड मरम्मत की प्रगति की स्थिति को नियमित रूप से प्रत्येक सप्ताह बैठक कर समीक्षा करें।

तदोपरांन्त कार्यदायी संस्थावाार निमार्ण कार्यो की समीक्षा की गयी जिसका विवरण निम्नवत हैं।

1. **मेंर्सस मेघा** इंजिनियरिंग **फेज–2** :– फर्म द्वारा कुल 211 नग पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत 213 नग नलकूप, 211 नग शिरोपरि जलाशय, 211 सोलर अधिष्ठापन, 213 नग पम्प हाऊस व 61920 कनेक्शन प्रदान किया जाना है जिसके सापेक्ष 211 नग नलकूप 61, शिरोपरि जलाशय 210 सोलर अधिष्ठापन 213 नग पम्पहाऊस व 65921 पेयजल कनेक्शन प्रदान किये गए है। शेष कार्य प्रगति पर है ।
2. **मेंर्सस मेघा** इंजिनियरिंग **फेज–3** :– फर्म द्वारा कुल 460 नग पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत 460 नग नलकूप, 460 शिरोपरि जलाशय, 460 सोलर अधिष्ठापन, 460 नग पम्प हाऊस, व 155802 कनेक्शन प्रदान किया जाना है जिसके सापेक्ष 448 नग नलकूप, 69 शिरोपरि जलाशय, 415 सोलर अधिष्ठापन, 445 नग पम्प हाऊस व 141928 कनेक्शन प्रदान किये गए है । शेष कार्य प्रगति पर है ।
3. **मेंर्सस वी0एस0ए0**:– फर्म द्वारा कुल 80 नग पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत 81 नग नलकूप, 80 शिरोपरि जलाशय, 80 सोलर अध्रिष्ठापन, 81 नग पम्प हाऊस व 31747 कनेक्शन प्रदान किया जाना है जिसके सापेक्ष 81 नग नलकूप, 65 शिरोपरि जलाशय, 74 सोलर अधिष्ठापन, 79 नग पम्प हाऊस व 30122 कनेक्शन प्रदान किये गए है। शेष कार्य प्रगति पर है ।
4. **मेंर्सस जैक्सन विश्वराज** :– फर्म द्वारा कुल 103 नग पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत 103 नग नलकूप, 103 शिरोपरि जलाशय, 103 सोलर अध्रिष्ठापन 103 नग पम्प हाऊस व 33367 कनेक्शन प्रदान किया जाना है जिसके सापेक्ष 100 नग नलकूप 16 शिरोपरि जलाशय, 79 नग सोलर अधिष्ठापन, 97 नग पम्प हाऊस व 29562 कनेक्शन प्रदान किये गए है। शेष पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है ।

तदोपरान्त अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), बस्ती द्वारा डी० टी० यू० व सोर्स सस्टेनबिलिटी के विषय में भी अवगत कराया गया ।

**सोर्स सस्टेनबिलिटी–**

अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), बस्ती द्वारा जनपद में जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्मित 855 ट्यूबवेल की सोर्स सस्टेनबिलिटी रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी । सोर्स सस्टेनबिलिटी रिपोर्ट के अनुसार निर्मित ट्यूबवेल Long Term के लिए Technically Sustainable और Suitable है ।

**डी०टी०यू०–**

जनपद के 14 विकास खण्डों में जल सेवा आंकलन पूर्ण कर लिया गया है जिसका डी०टी०यू ० के माध्यम से 563 के सापेक्ष 545 का सत्यापन कर लिया गया है।

समीक्षोपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी कार्यदायी संस्थाओं के परियोजना प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि जिन–जिन परियोजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाने के दौरान सडको की कटिंग की गयी है, उन सडको को शीघ्र गुणवत्ता पूर्वक मोटरेबल कर दिया जाय। जिससे ग्रामवासियों को आने जाने में समस्या उत्पन्न न हो। ऐसा प्रतीत होता है कि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना के निर्माण कार्यों में विशेष रूचि नहीं ली जा रही है। जिस कारणवश योजनाओं को पूर्ण करने में बिलम्ब हो रहा है । मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि

समस्त निमार्णधीन पेयजल योजनाओं पर आवश्यकता अनुसार मैन–पावर उपलब्ध कराते हुए शासन द्वारा निंधारित समय अवधि में योजनाओं को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। तथा ग्रीष्मकाल को ध्यान मे रखते हुए पूर्ण /आंशिक संचालित पेयजल योजनाओं से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाय। यदि कार्यो की गुणवत्ता में किसी प्रकार की शिथिलिता पायी जाती है तो सम्बधित कार्यदायी संस्था के विरूध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को यथाशीघ्र O&M में ले जाना सुनिश्चित करें। जिन परियोजनाओं का Live Status Portal पर Show नहीं हो रहा है, उन्हें तत्काल सही कराया जाये। जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक समाप्त करते हुए निर्देशित किया गया की आगामी बैठक में कार्यो के घटकवार वितरण तैयार कर प्रस्तुत किये जाएं जिससे कि निमार्ण कार्यो की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकें ।

**अधिशासी अभियन्ता**
**भू–गर्भ जल विभाग, बस्ती ।**

**अधिशासी अभियन्ता**
**सिंचाई खण्ड–04, बस्ती ।**

**अधिशासी अभियन्ता**
**उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बस्ती ।**

**जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी**
**बस्ती ।**

**जिला कृषि अधिकारी**
**बस्ती ।**

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**बस्ती ।**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बस्ती

**जिला विकास अधिकारी**
**बस्ती ।**

**प्रभागीय वनाधिकारी**
**वन विभाग, बस्ती ।**

**मुख्य चिकित्साधिकारी**
**बस्ती ।**

**मुख्य विकास अधिकारी**
**बस्ती ।**

जिलाधिकारी
**बस्ती ।**

## कार्यालय जिलाधिकारी बस्ती।

**पत्रांक / / दिनांक / /2026**

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन, लखनऊ ।
2. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता(गो0 क्षे0), उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बस्ती ।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बस्ती ।
6. समस्त सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, बस्ती ।
7. समस्त प्रोजेक्ट मैनेजर, कार्यदायी संस्था, बस्ती ।

जिलाधिकारी
**बस्ती ।**